भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1584

सोमवार, 09 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

एनसीएस पोर्टल पर रोजगार संबंधी कम परिणाम प्राप्त होना

1584. डॉ. मल्लू रवि:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिसंबर 2023 में प्रस्तुत श्रम संबंधी संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट का संज्ञान लिया है, जिसमें राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर अधिक पंजीकरण के बावजूद नियोजनीयता संबंधी कम परिणामों का उल्लेख किया गया है;

(ख) वर्ष 2022-25 के दौरान नगरकुरनूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पंजीकृत और वास्तव में नियुक्त युवाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या पिछड़े क्षेत्रों में प्रदर्शन में दीर्घकालिक गिरावट की पहचान करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र स्तर के नियोजनीयता संबंधी डेटा का विश्लेषण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा 18 जुलाई 2024 को एनसीएस के संबंध में की गई समीक्षा के अनुसार ग्रामीण तेलंगाना से नियोक्ताओं की भागीदारी असमान रूप से कम बनी हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) एनसीएस को पंजीकरण संबंधी मेट्रिक्स से नियोजनीय संबंधी जवाबदेही की ओर ले जाने के लिए प्रस्तावित सुधारात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस परियोजना में अन्य बातों के साथ-साथ रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संस्थाओं के सहयोग से आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है। अब तक देश भर में 407 आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) को अनुमोदित किया है। ये केंद्र स्थानीय युवाओं और अन्य रोजगार चाहने वालों को करियर परामर्श और प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रौद्योगिकी उपयोग के माध्यम से रोजगार अवसरों से जोड़ते हैं।

पिछले तीन वर्षों 2022-2025 के दौरान, एनसीएस पोर्टल पर 2.95 करोड़ से अधिक नौकरी चाहने वाले पंजीकृत हैं, जिनमें से 4.68 लाख से अधिक रोजगार चाहने वाले नागरकुरनूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तेलंगाना राज्य में पंजीकृत हैं और 41.51 लाख से अधिक नियोक्ता एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत हैं, जिनमें से 1.63 लाख से अधिक नियोक्ता तेलंगाना राज्य में पंजीकृत हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य नहीं है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने सभी रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार अवसर बढ़ाने हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूत करने के लिए निजी और सार्वजनिक नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफार्मों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। अब तक 35 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनमें अपना, स्विगी, रैपिडो, जोमैटो, अमेज़ॅन, टीसीएस आईओएन, क्विकर, फाउंडइट (मॉन्स्टर) आदि जैसे अन्य कई निजी भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन शामिल हैं जो एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध जॉब फेयर लिस्टिंग, कौशल विकास कार्यक्रम, करियर काउंसलिंग आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

पोर्टल में सुधार एक लगातार और गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध तकनीक का इस्तेमाल करके परिवर्तन/अद्यतन की योजना, ज़रूरत के हिसाब से और जब भी आवश्यक हो बनाई जाती हैं। एनसीएस पोर्टल के अद्यतनीकरण में विभिन्न जॉब/स्किल पोर्टल्स (सरकारी/निजी) के साथ एकीकरण, बेहतर एआई फीचर्स, क्लाउड बेस्ड वेब एप्लीकेशन (रोजागर चाहने वाले और नियोक्ता दोनों के लिए), मज़बूत सत्यापन तंत्र, बहुभाषी समर्थन आदि शामिल हैं।

*****